दिनांक 22.08.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने एसएलआरएम सेन्टर सहित विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आज जोन 04 एवं 05 क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लिया। सर्वप्रथम आयुक्त श्री रघुवंशी जोन 04 शिवाजी नगर स्थित जोन कार्यालय पहुंचे जहां पर उपस्थिति पंजी सहित संधारित किये गये विभिन्न प्रकार के नस्तियों का अवलोकन किया एवं सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये तथा विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी जोनआयुक्त जोन 04 से प्राप्त की। तद्पश्चात आयुक्त महोदय जोन 04 क्षेत्र में आने वाले आईटीआई के पास निर्मित कचरा पृथक्कीकरण केन्द्र पहुंचे वहां पर गीले एवं सुखे कचरे को पृथक-पृथक करने की पद्धति, खाद बनाने की प्रक्रिया तथा कर्मचारियों की उपस्थिति आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की साथ ही गौठान के लिए स्थल निरीक्षण किया। समीप स्थित वार्ड के सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया जहां पर उन्होने साफ-सफाई एवं शौचालय में उपयोग की जाने वाली विभिन्न प्रकार की व्यवस्था का अवलोकन किया तथा स्वच्छ भारत मिशन के गाईड लाईन के तहत् कार्य करने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। डेंगू नियंत्रण/बचाव हेतु वार्ड 34 खुर्सीपार क्षेत्र के गली , मोहल्लों में नालियों की स्थिति का निरीक्षण किया एवं वितरित किये जा रहे टेमीफास की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए।

जनसम्पर्क अधिकारी